web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 18 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 229

## किसानों को मोदी सरकार का तोहफा : नहीं बढ़ेंगे खाद के दाम, 38,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मंत्रिमंडल ने चालू खरीफ मौसम के लिए फॉस्फेट एवं पोटास (पी एंड के) वाले उर्वरकों के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरों को बुधवार को मंजूरी दी और कहा कि वह खरीफ बुवाई सत्र 2023 के लिए पी एंड के उवरकों पर किसानों को कुल 38,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ देगी। इसके साथ सरकार ने 2022-23 के रबी सत्र के तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2023) के लिए फॉस्फेट एवं पोटास (पी एंड के) नाइट्रोजन तथा सल्फर वाले रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी (एनबीएस) की दरों में संशोधन के प्रस्तावों को आज मंजूरी दी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि कैबिनेट ने तय किया है कि सरकार खाद के दाम नहीं बढ़ाएगी। खरीफ फसलों के लिए सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले से किसानों को काफी लाभ होगा।?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में उर्वरक विभाग द्वारा रखे गए प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। इस बैठक के बाद जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2022-23 (एक जनवरी से 31 मार्च 2023) के लिए नाइट्रोजन (एन), फास्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस) वाले उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों में संशोधन के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी और खरीफ सीजन, 2023 (एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2023 तक) के लिए फॉस्फेट वाले और पोटास वाले (पी एंड के) उर्वरकों के लिए एनबीएस की प्रस्तावित दरों को स्वीकार किया। पी एंड के उर्वरकों पर एनबीएस योजना अप्रैल 2010 से चल रही है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज के निर्णय से कुल 25 ग्रेड (वर्ग) के फॉस्फोरस और पोटास वाले उर्वरकों पर किसानों को सब्सिडी प्राप्त होगी। सरकार का कहना है कि वह इस नीति से किसानों खरीफ की खेती के मौसम में किसानों को डाई अमोनिया फॉस्फेट (डीएपी) की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी साथ ही उन्हें उर्वरक सस्ते और उचित दामों पर उपलब्ध होंगे।

## सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार के घर सीबीआई की छापेमारी, जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले में एक्शन




**जम्मू (आरएनएस)।** जांच एजेंसी सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल के करीबियों के घर छापा मारा है। छापेमारी की ये कार्रवाई जम्मू-कश्मीर बीमा स्कीम घोटाले में की गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि जिस व्यक्ति के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, वह सत्यपाल मलिक के गवर्नर रहते उनका सहयोगी था। सीबीआई की ये कार्रवाई इंश्योरेंस स्कैम केस में हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि सत्यपाल मलिक के सहयोगी के दिल्ली और जम्मू-कश्मीर समेत 9 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

दरअसल, इसस पहले अप्रैल में सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने अपने नोटिस में कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में हुए इंश्योरेंस स्कैम को लेकर सवाल मलिक से कुछ सवालों के जवाब जानना चाहती है। नोटिस को लेकर सत्यपाल मलिक की तरफ से बयान भी जारी किया गया था। उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि जांच एजेंसी किसी तरह का कोई स्पष्टीकरण चाहती है। उनका कहना था कि सीबीआई को उन केस में जवाब चाहिए, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने खुद दी थी। पिछले साल भी इस कथित घोटाले को लेकर सत्यपाल मलिक से सवाल-जवाब किए थे। पिछले साल ही अप्रैल के महीने में सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर दो एफआईआर दर्ज की थी।

सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए आरोप सरकारी कर्मचारियों और लोगों के लिए एक मेडिकल इंश्योरेंस स्कैम के ठेके से जुड़े हुए थे। ये पूरा स्कैम 2,200 करोड़ रुपये का था। इसके अलावा उन्होंने जम्मू-कश्मीर में किरू पनबिजली परियोजना में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। सीबीआई अब इसी मामले में छापेमारी कर रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सौरव गांगुली की सुरक्षा में बढ़ोतरी, अब मिलेगी' कैटेगरी का प्रोटेक्शन

**कोलकाता (आरएनएस)।** पूर्व क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व चेयरमैन सौरव गांगुली की सुरक्षा में इजाफा कर दिया है। अब पश्चिम बंगाल पुलिस उन्हें जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करेगी। जानकारी के मुताबिक, सौरव गांगुली की तरफ से सुरक्षा बढ़ाने को लेकर कोई मांग नहीं की गई थी। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने खुद की इस मामले पर संज्ञान लिया और इसे अपग्रेड करने का फैसला किया है। सौरव गांगुली इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़े हुए हैं। वह डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका में हैं। सौरव गांगुली के सियासत में आने के चर्चे पहले भी होते रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें भगवा पार्टी में शामिल होने का ऑफर भी दिया था। हालांकि, उन्होंने सियासी मैदान में उतरने से इनकार कर दिया था। हाल ही में उन्हें बीसीसीआई अध्यक्ष छोड़ना पड़ा था। इसके बाद से फिर उनके सियासत में आने के चर्चे होने लगे हैं। अब ममता बनर्जी की सरकार के द्वारा सुरक्षा बढ़ाने ने इस कयासबाजी को और तेज कर दिया है।

### गोद ली हुई बेटी के साथ पिता ने किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई 20 साल कैद की सजा

**अलीगढ़ (आरएनएस)।** अलीगढ़ की एक पॉक्सो अदालत ने पिछले साल अक्टूबर में 13 वर्षीय गोद ली हुई बेटी के यौन उत्पीड़न के दोषी पाए जाने पर 50 वर्षीय व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अलीगढ़ की विशेष पॉक्सो अदालत के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुरेंद्र मोहन सहाय ने यह फैसला सुनाया। पुलिस ने कहा कि आरोपी अपने दो बेटों और उनकी पत्नियों के साथ रहता था और उसने सात साल पहले छह साल की बच्ची को 'गोद' लिया था। उसने अपने परिवार को बताया कि लडक़ी के माता-पिता ने उसे गुजरात के अहमदाबाद में एक ईंट भट्ठे पर छोड़ दिया था, जहां वह मजदूरी करती थी। पिछले साल 25 अक्टूबर को आरोपी को उसकी बहू ने पीड़िता का यौन शोषण करते हुए पकड़ा था, जिसने स्थानीय लोगों को सूचित किया। घटना के बाद एक सामाजिक कार्यकर्ता ने अलीगढ़ के क्वार्सी थाने में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### यात्रियों से भरी ऑटोरिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, 6 महिलाओं की मौत; घटना के बाद ट्रक चालक फरार

**हैदराबाद (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में बुधवार तडक़े एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की टक्कर में छह महिला मजदूरों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। पुलिस ने अनुसार, हादसा आज तडक़े उस समय हुआ जब पड़ोसी राज्य तेलंगाना की महिलाएं राज्य के पलनाडु जिले के पुलीपाडु गांव में मिर्च की फसल काटने के लिए जा रही थीं। गुडज़ाला के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी ए. पल्लपु राजू ने कहा, गुडुरु से लखनऊ जा रहे नींबू से लदे एक ट्रक ने तडक़े करीब चार बजकर 42 मिनट पर ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी और वहां से भाग निकला। उन्होंने कहा कि हादसे में तिपहिया वाहन में यात्रा कर रहे 12 लोगों में से छह महिलाओं की मौत हो गई। घायलों को तेलंगाना के मिरियालागुडा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज हो रहा है।

## बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को फिर मिलेगा मौका, निर्देश जल्द

**रायपुर (आरएनएस)।** दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा में फेल और पूरक पाने वाले छात्रों को पास होने का एक और मौका मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ऐसे छात्रों के लिए जुलाई-अगस्त में पूरक व क्रेडिट योजना परीक्षा आयोजित करेगा। इसके लिए अगले महीने जरूरी निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा अंकों से असंतुष्ट परीक्षार्थी 25 मई तक पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। क्रेडिट योजना के तहत कोई परीक्षार्थी जितने विषयों में पास है उन अंकों की क्रेडिट लेकर वह बाकी विषयों के लिए परीक्षा दे सकेगा। फेल और पूरक वाले छात्र इन परीक्षाओं में शामिल होकर अपना रिजल्ट सुधार सकेंगे।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से जारी

• 10वीं की परीक्षा 17923 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है। 626 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इनमें 16 परीक्षार्थियों के नतीजे नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं। 281 परीक्षार्थी को पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किए गए हैं। 324 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी के तहत रोके गए हैं। इनके अलावा पांच परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित होंगे। इसी तरह 12वीं में 22751 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है। कुल 359 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से, 30 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल के कारण, 279 को पात्रता के अभाव में और 43 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी के तहत रोके गए हैं। सात परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे।

## कर्नाटक सीएम पद पर और फंसा पेंच : सिद्धारमैया रेस में सबसे आगे- डीके शिवकुमार को मनाने में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जीत का जश्न कम ही हुआ था कांग्रेस के सामने एक बड़ी मुश्किल आन खड़ी है। कौन बनेगा कर्नाटक का सीएम? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े गुरुवार को नाम का ऐलान कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सिद्धारमैया सीएम की रेस में सबसे आगे हैं और उनका मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। वे 11.30 बजे राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस आलाकमान सीएम पद के दूसरे दावेदार डीके कुमार से मुलाकात कर उनकी नाराजगी दूर करेगा। डीके कुमार को सिद्धारमैया सरकार में अहम मंत्रालय भी दिये जा सकते हैं।

वहीं आलाकमान के रातों की नींद गायब है। क्योंकि डर है 'ऑपरेशन लोटस'। कर्नाटक कांग्रेस भुगतभोगी है। 2019 की गलती वो अब नहीं दोहराएगी। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने अपनी-अपनी दावेदारी ठोंक दी है। लेकिन इसी बीच एक और कांग्रेस नेता ने सीएम पद के लिए अपना नाम आगे बढ़ाया है। यानी की अभी तक तो दो खिलाड़ी थे अब एक और खिलाड़ी आगे आ गया है।

कर्नाटक में 13 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। चुनाव में कांग्रेस ने प्रचंड जीत हासिल की और बीजेपी को सत्ता से बेदखल कर दिया। कांग्रेस ने चुनाव से पहले सीएम का चेहरा घोषित नहीं किया था। ऐसे में चुनाव के बाद पूर्व सीएम सिद्धारमैया और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सीएम पद के लिए दावेदारी की थी। इसके बाद आलाकमान ने दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया था। चार दिन के मंथन और कई दौर की बातचीत के बाद भी नाम पर आम सहमित नहीं बन पाई थी। बताया जा रहा है कि सिद्धारमैया सीएम की रेस में डीके शिवकुमार से अब आगे निकल गए हैं। उनका सीएम बनना लगभग तय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े गुरुवार को उनके नाम का ऐलान कर सकता है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि शिवकुमार को गुमराह किया जा रहा है। लेकिन पार्टी आलाकमान उनसे बात करेगी और उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। इतना ही नहीं पार्टी उनकी नाराजगी दूर करने के लिए नई सरकार में अहम मंत्रालय भी दे सकती है।

इससे पहले डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने मंगलवार को मल्लिकार्जुन खडग़े से अलग अलग मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेतृत्व को सिद्धारमैया की कमियां गिनाई थीं। सूत्रों के मुताबिक, शिवकुमार ने खडग़े को बताया था कि सिद्धारमैया का पिछला कार्यकाल अच्छा नहीं रहा था। लिंगायत समुदाय भी उनके खिलाफ है। उन्होंने कहा था, अगर सिद्धारमैया को पहले सीएम बनाया जा चुका है, तो अब किसी और को मौका क्यों नहीं मिलना चाहिए।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड: शूटरों का होगा लाई डिटेक्टर और नार्को टेस्ट



**प्रयागराज (आरएनएस)।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की गोली मारकर हत्या करने वाले शूटरों का लाई डिटेक्टर और नार्को टेस्ट होगा। पुलिस के एसआइटी की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। कई सवालों का प्रमाणिक जवाब नहीं मिलने के कारण ये टेस्ट कराने की तैयारी है। इससे हत्याकांड का सच सामने आएगा, साजिश से पर्दा उठ सकता है।

ज्ञात हो कि मोती लाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) में बीती 15 अप्रैल की रात पुलिस अभिरक्षा में अतीक व अशरफ की गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मौके पर शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह व अरुण मौर्या को गिरफ्तार कर लिया था। मुकदमे की विवेचना के लिए एडीसीपी क्राइम सतीश चंद्र की अध्यक्षता में एसआइटी गठित की गई है।

पुलिस ने शूटरों को पांच दिन की कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस दौरान यह पता चला था कि सनी सिंह को दिल्ली के गैंगस्टर गोगी ने तुर्किए की पिस्टल जिगाना, गिरसान रखने के लिए दी थी। मगर गोगी की हत्या के बाद सनी असलहों को लेकर अपने घर भाग गया। शूटरों ने नाम कमाने के लिए अतीक व अशरफ की हत्या करने की बात कुबूल की है। हालांकि पुलिस ने जब उनके बयानों का वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मिलान कराया तो कई कडिय़ां नहीं जुड़ पाईं कई सवालों का प्रमाणिक जवाब भी नहीं मिल सका है। हत्याकांड की साजिश शूटरों ने खुद रची थी, यह बात किसी के गले से नहीं उतर रही है। आशंका है कि षड्यंत्र में कुछ और लोग शामिल हैं, लेकिन इसका राजफाश अब तक नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि लाई डिटेक्टर और नार्को टेस्ट होने पर हत्याकांड से जुड़े कई सच सामने आ जाएंगे।

अतीक- अशरफ हत्यकांड के मुकदमे में पुलिस की ओर से 45 दिनों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी चल रही है, ताकि आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में ट्रायल शुरू हो सके। आरोप पत्र कोर्ट में पेश करने के बाद भी मुकदमे की विवेचना प्रचलित रहेगी और फिर लाई डिटेक्टर- नार्को टेस्ट कराते हुए अन्य साक्ष्य संकलित कर पूरक चार्जशीट भी दाखिल होगी।

## अपने तय समय सारणी के अनुसार ही चलेगी वंदेभारत एक्सप्रेस



**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर से नागपुर के मध्य संचालित होने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस अब 17 के बजाए केवल 8 कोच के साथ चलेगी। इसमें एक एक्

बिलासपुर-नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस अब वापस पटरियों पर लौट गई। बीते दिनों वंदेभारत एक्सप्रेस को बंद करवाकर तेजस ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया था। जो महज 24 घंटे में बदल दिया गया। वंदे भारत ट्रेन अब वापस से चलेगी हालांकि अब ये ट्रेन 16 की जगह केवल 8 कोच लेकर ही चलेगी। इसमें एक एग्जीक्यूटिव क्लास और 7 चेयरकार के कोच हैं।

ज्ञात हो कि इसके पूर्व ही वंदे भारत एक्सप्रेस की जगह तेजस एक्सप्रेस को चलाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन दो दिन के भीतर ही रेलवे प्रशासन ने इस निर्णय को वापस लेते हुए वंदेभारत एक्सप्रेस के नए रैक से यह सुविधा निरंतर बनाए रखने का निर्णय लिया है। वंदेभारत एक्सप्रेस का नया रैक बिलासपुर जोन को प्राप्त हो चुका है। इसी के चलते आज से वंदेभारत एक्सप्रेस को पुन: नियमित समय में चलाया जा रहा है। वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों की कमी को देखते हुए इसके कोच की संख्या को कम कर दिया गया है। इसमें अब 7 चेयरकार कोच होंगे। यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही बिलासपुर से नागपुर तथा नागपुर से बिलासपुर के मध्य संचालित होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने अदानी-हिंडनबर्ग जांच पर सेबी को 14 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने को कहा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अदानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच पर 14 अगस्त को एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सेबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि अदालत सितंबर तक समय दे सकती है, लेकिन 14 अगस्त को हमें बताएं, आप किस चरण में हैं, हमें एक अद्यतन रिपोर्ट दें। मेहता ने तर्क दिया कि सेबी को अपनी रिपोर्ट पूरी करने के लिए छह महीने का विस्तार पहले ही सीमित कर दिया गया है। बेंच में शामिल जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला ने मेहता से कहा, हमें बताएं कि आपने क्या किया है और अदालत ने शुरू में दो महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि वह जांच पूरी करने के लिए अनिश्चितकालीन विस्तार नहीं दे सकती। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रस्तुत किया कि हाल के वर्षों में और कई शिकायतों के बावजूद, सेबी ने कुछ नहीं किया। बाजार नियामक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2016 से अदानी समूह पर लगे आरोपों की जांच तथ्यात्मक रूप से निराधार है। सेबी ने यह आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा। सेबी द्वारा मामले में समय के विस्तार के लिए आवेदन का मतलब निवेशकों और प्रतिभूति बाजार के हित को ध्यान में रखते हुए न्याय सुनिश्चित करना है। सेबी ने कहा, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों की जांच के संदर्भ में, सेबी पहले ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति आयोगों के संगठन (आईओएससीओ) के साथ बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमएमओयू) के तहत ग्यारह विदेशी नियामकों से संपर्क कर चुका है।

## 15 जून तक बस्तर के रास्ते प्रवेश करेगा मानसून



**रायपुर (आरएनएस)।** भीषण गर्मी के बीच एक राहत की खबर सामने आई है। इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ प्रवेश का समय 15 जून बताया जा रहा है। इसके पूर्व इस माहांत तक मौसम का मिजाज कुछ नरम पडऩे लगेगा।

मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में मानसून प्रवेश की यह तिथि सामान्य से 4 दिन पीछे है। हालांकि इस वर्ष मानसून की स्थिति सामान्य रहने की उम्मीद जताई गई है। छत्तीसगढ़ में दक्षिण पश्चिम मानसून का प्रवेश जगदलपुर के रास्ते होता है और मानसून की पहली फुहार बस्तर में ही पड़ती है। अनुमान है कि इस वर्ष 13 जून के आसपास मानसून बस्तर में दस्तक देगा और इसके अगले दो दिन के अंदर याने 15 जून तक यह रायपुर सीमा में प्रवेश कर जाएगा। 16 से 21 जून तक मानसून के अंबिकापुर क्षेत्र में प्रवेश करने की उम्मीद जताई गई है। अनुमान यह भी जताया जा रहा है कि फिलहाल गर्मी का प्रकोप इसी तरह से बना रहेगा। दिन और रात के तापमान में मामूली घट-बढ़ संभावित है। इसके बाद इस माहांत तक तापमान में मामूली गिरावट आने तथा दोपहर बाद अंधड़-तूफान से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में जोरदार गर्मी पड़ रही है और लोग बेसब्री से मानसून की रिमझिम फुहारों का इंतजार कर रहे हैं।

### दोपहर में लू, तो शाम तक गर्म हवा, अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं

जेठ का महीना अब अपना तेवर दिखाने लगा है। सूर्य की प्रचंडता बढऩे से वातावरण में तेजी से गर्माहट बढ़ रही है। हालांकि बादलों के बीच सोमवार को दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही स्थिर रहा, लेकिन गर्म हवा ने देर शाम तक लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग के अनुसार इसी सप्ताह में तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। सोमवार को सुबह से तेज धूप के बीच गर्म हवा चल रही थी। दोपहर में तो लू जैसी स्थिति थी। शाम तक हवा गर्म चलने से लोग परेशान हुए। हालांकि देर शाम हवा में हल्की ठंडकता घुलने से लोगों ने राहत महसूस किया। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना तो नहीं है। लेकिन आगामी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रविवार तक जिले में सबसे अधिक गर्मी पड़ रही थी। अब दुर्ग सबसे गर्म हो गया है। वहां सोमवार को तापमान 43. 6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसी तरह राजधानी में 42.2 व बिलासपुर में दिन का तापमान 42.2 डिग्री रिकार्ड किया गया।